सीमा शुल्क आयुक्त का कार्यालय (निवारक)

OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CUSTOMS (PREVENTIVE)

नं 1, विल्लियम्स रोड, कन्टोनमेंट, तिरुच्चिराप्पल्लि-620 001

NO.1 WILLIAMS ROAD, CANTONMENT, TIRUCHIRAPPALLI– 620 001

दूरभाष / फैक्स: 0431-2418819::E-mail: cuspoltry@gmail.com

C. No. VIII/09/01/2019-सीशु नीति

दिनांक: 05.03.2019

सार्वजनिक सूचना सं. 02/2019

विषय : सीमा शुल्क ब्रोकर्स लाइसेंसिंग विनियम, 2018 के विनियम 6 के अंतर्गत नासिन, फरीदाबाद द्वारा आयोजित ऑनलाइन परीक्षा - के बारे में ।

केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा जारी की गयी अधिसूचना संख्या 8/2019-सीमा शुल्क (गै.टै.) दिनांक 06.02.2019 के तहत राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी को उक्त परीक्षा को सीमा शुल्क ब्रोकर्स लाइसेंसिंग विनियम, 2018 के विनियम 6 के अंतर्गत आयोजित करने के लिए अधिकृत किया गया है । यह परीक्षा 15.03.2019 को पूरे भारत में नामित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी । यह परीक्षा कंप्यूटर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न प्रारूप (MCQs) की 3 घंटे (10.30 -13.30) की अवधि की होगी /परीक्षा में कुल 150 प्रश्न होंगे, प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का होगा एवं परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए उम्मीदवार को न्यूनतम 180 अंक प्राप्त करने होंगे । कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा । परीक्षा का पाठ्यक्रम सीमा शुल्क ब्रोकर्स लाइसेंसिंग विनियम, 2018 के विनियम 6 (7) में यथानिर्धारित है । उक्त परीक्षा में अर्हता प्राप्त करनेवालों को उक्त विनियम के विनियम 6 के संदर्भ में मौखिक परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा ।

उम्मीदवारों की जानकारी के लिए एक प्रतिरूपी प्रश्न पत्र 20 फरवरी 2019 से <GSTP/CBLRपरीक्षा> आइकन/टैब में सीबीआइसी और नासिन वेबसाइटों पर उपलब्ध करवाया जाएगा । एडमिट कार्ड डाउनलोड करने हेतु एक लिंक भी उसमें प्रदान किया जाएगा । परीक्षा की तारीख से 15 दिन पहले आवेदकों को ईमेल द्वारा एडमिट कार्ड भी भेजे जाएंगे ।उम्मीदवारों की सुविधा के लिए, अन्य आवश्यक विवरण जैसे केंद्रों की सूची, उम्मीदवारों को दिशा-निर्देश, हेल्प डेस्क ईमेल आइडी आदि को उक्त आइकन/टैब के तहत उपलब्ध कराया जाएगा।

सभी पात्र उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे प्रतिरूपी/अभ्यास प्रश्न पत्र को लॉगइन करके

एक्सेस करें और कोई भी समस्या होने पर हेल्पलाइन cblre.helpline@gmail.com पर तत्काल रिपोर्ट करें ।

अशोक

(अशोक)

O/C प्रधान आयुक्त

प्रतिलिपि प्रस्तुत: मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक), तिरुच्चि ।

प्रतिलिपि प्रेषित :

1. ईडीआइ अनुभाग, मुख्यालय, तिरुच्चि (तिरुच्चि सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्तालय के वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित (http://customstrichy.gov.in)
2. हिन्दी कक्ष(अनुवाद हेतु)
3. डाक सूची के अनुसार
4. नोटिस बोर्ड ।